लापरवाही | गौशाला में बिजली और पानी की व्यवस्था पूरी तरह ठप होने से जीवन संकट में

विद्युत विभाग की लापरवाही से गहराया जल संकट

नवभारत,नरसिंहपुर,गोटेगांव। ग्राम पंचायत बरहटा स्थित गौशाला में बिजली और पानी की व्यवस्था पूरी तरह ठप होने से मवेशियों के सामने जीवन का संकट खड़ा हो गया है। टोन घाट राजयोग आश्रम और शंकराचार्य बाल लीला धाम रोड पर स्थित इस गौशाला के अंदर लगे विद्युत ट्रांसफार्मर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए उसे नीचे गिरा दिया और उसका कीमती बाइंडिंग तार व तेल निकालकर ले गए। इस चोरी के बाद से गौशाला की बिजली गुल है।

प्यासी गायें लगा रहीं गुहार

जिससे ट्यूबवेल बंद पड़ा है और भीषण गर्मी के इस दौर में गायों को पीने का पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र पटेल ने बताया कि विद्युत मंडल को इस संबंध में लिखित आवेदन देकर चोरी की सूचना और नया ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग की गई है, लेकिन विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने बताया कि सर्दियों के मौसम में जैसे-तैसे काम चला लिया गया, लेकिन अब बढ़ती गर्मी के कारण स्थिति भयावह होती जा रही है।

बाउंड्री के अंदर से ट्रांसफार्मर की चोरी

बाउंड्री के अंदर सुरक्षित मानी जाने वाली जगह से ट्रांसफार्मर की चोरी होना सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। ग्राम पंचायत और गौशाला प्रबंधन ने शासन-प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल नया ट्रांसफार्मर रखवाया जाए, ताकि मूक पशुओं को समय पर पानी उपलब्ध हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो प्यास के कारण मवेशियों की स्थिति और अधिक बिगड़ सकती है।

भारत विकास परिषद् की नई कार्यकारिणी गठित

नवभारत,तेंदूखेड़ा। गत दिवस भारत विकास परिषद् शाखा तेंदूखेड़ा की नई कार्यकारिणी का गठन 02 साल के लिए किया गया। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष रामकुमार ठाकुर की विदाई साल श्रीफल से की गई ।साथ में उन्होंने अपने दो वर्ष में किए गए कार्यों का उल्लेख किया गया। तत्परांत नई कार्यकारिणी का गठन किया जिसमें सर्वसम्मति शाखा अध्यक्ष हेतु अमित खरे सचिव पुरषोत्तम बसेडिया कोषाध्यक्ष मनोज दुबे उपाध्यक्ष मुन्ना साहू त्रिलोक जैन का चयन किया गया ।महिला कार्यकारिणी का भी गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष अनीता यशवंत खैरोनिया सचिव आरती मलखान पटेल निर्वाचित हुई। इस कार्यकारिणी के चुनाव प्रभारी नरसिंहपुर से आशुतोष वर्मा वर्चुअल के माध्यम से सम्मिलित हुए साथ ही पं पूनम मिश्रा संरक्षक रजनीश जैन बसंत खेरोनिया द्वारका प्रसाद सोनी प्रकाशचंद पटेल पंकज स्वदेशी आशुतोष मोदी रामस्वरूप पटेल रुपम विश्वकर्मा एड गगन अग्रवाल दीपक वाजपेई दीपेंद्र नायक अमित खरे शिवा पाटकर मलखान पटेल काशीराम राय उपस्थित रहे। भारत विकास परिषद् यह ऐसा संगठन है जो कि संपर्क सहयोग संस्कार समर्पण सेवा एवम् राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों के लिए जाना जाता है।

कॉलोनाइजर के खिलाफ थाने पहुंचे उपभोक्ता

नवभारत,तेंदूखेड़ा। तेंदूखेड़ा क्षेत्र में कोलोनाईजरों की मनमानी का दंश लगभग उपभोक्ता भोग रहें हैं ।जिसे आये दिन शिकायतों का दौर आये दिन देखने को मिलता है। ऐसा ही एक मामला तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक 06 के आर्यन कोलोनाईजर के खिलाफ धोखाधड़ी ओर अनियिमिताओं के संबंध में पिछले दिनों कलेक्टर की जनसुनवाई से लेकर एस डी एम कार्यालय तहसील और पुलिस थाने में शिकायते की जा रही है।

सोमवार को इसी कालोनी वासियों के द्वारा पुलिस थाने में जाकर लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए दंडात्मक कार्यवाही की मांग की गई है। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि वार्ड कालोनी में प्लॉट रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया था जिसका भुगतान नगद किया था। विक्रय के समय कोलोनाईजर द्वारा पूर्ण विश्वास दिलाया था कि समस्त प्रकार की अनुमति सभी विभागों से करा रखी है ।मकान बनाने में कोई परेशानी नही होगी। उसके लिए कुछ दस्तावेज भी दिखाये थे। बुनयादी सुविधाएं सड़क पानी बिजली पार्क बाउन्ड्री बॉल आदि कार्य आज दिनांक तक नहीं किये है ।अभी तक सरकारी विभाग में विकास शुल्क जमा नहीं किया है। इस कारण हमारे निर्माण कार्य और अन्य कानूनी कार्य रूके हुए हैं। कोलोनाईजर से संपर्क किया लेकिन उनके द्वारा कोई जबाब नही दिया गया। उनके टाल मटोल से यह स्पष्ट है कि उन्होनें उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी की है ।अब जब उपभोक्ता सजग हुये और वस्तु स्थिति की तह तक पहुंचे तो की प्रकार के तथ्य खुलकर सामने आते चले जा रहे हैं। और भी नये तथ्य खुलकर सामने आयेंगे। पुलिस से मांग की गई है कि कोलोनाईजर के विरुद्ध उचित कानूनी कार्यवाही की जावें। मामले की निष्पक्ष जाँच कर आवेदन को न्याय दिलाया जावें।

धूमधाम से संपन्न हुई देवी की प्राण प्रतिष्ठा

नवभारत,तेंदूखेड़ा। शक्ति साधना के महापर्व चैत्रीय नवरात्रि पर्व को लेकर संपूर्ण क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। इसी के चलते वार्ड क्रमांक 01 में स्थित रिपटा वालों के फार्म हाउस परिसर में

बीजासेन देवी जी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह पूर्वक संपन्न हुई। कलशयात्रा से लेकर प्राण प्रतिष्ठा तक जलाधिवास अन्नवास फल मिष्ठान फूलाधिवास तक विधिवत प्रतिष्ठाचार्य पं विनोद बाजपेई द्वारा संपन्न कराया गया।

शक्ति की भक्ति के बीच भगवती का वेदमंत्रों से होगा महापूजन

नवभारत,गोटेगांव। हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत्सर 2083 के शुभारंभ के साथ ही वासन्तिक नवरात्र की पावन वेला में चारों ओर भक्ति का वातावरण बना हुआ है। त्रिलोक सुंदरी श्री मां भगवती सिंहवाहिनी देवी की आराधना और व्रतानुष्ठान के इसी क्रम में श्री राजयोग आश्रम शंकराचार्य बाल लीला धाम, बरहटा में विशेष धार्मिक आयोजन संपन्न हो रहे हैं। संरक्षक अग्निपीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्रीमद् रामकृष्णानंद जी महाराज के मार्गदर्शन में यहाँ चतुर्थ दिवस पर्यंत भगवती की आराधना निर्बाध रूप से जारी है। नवरात्र के पंचम दिवस के पावन अवसर पर आज रात्रि 7:30 बजे विशेष पूजन-अर्चन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भगवती मण्डपम् को विशेष रूप से चंदोवा आदि से अलंकृत किया जाएगा, जो आकर्षण का केंद्र रहेगा। आश्रम प्रभारी ब्रह्मचारी सोमेश्वरानंद के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में आचार्य रामकिशोर शास्त्री, सौम्य शास्त्री, शिवा शास्त्री, हिमांशु शास्त्री, कपिल राजोरिया और नारायण पांडे द्वारा वेदमंत्रों के साथ भगवती का महापूजन विधि-विधान से संपन्न कराया जाएगा। आश्रम प्रबंधन द्वारा क्षेत्र के समस्त श्रद्धालु भक्तजनों को इस गरिमामयी कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया गया है।

नवरात्रि में किया 9 गुलाब के पौधो का रोपण

नवभारत,गाडरवारा। सोमवार को सुबह स्थानीय शनि मंदिर तालाब परिसर में पीएमयूएम शिक्षक संघ एवं शिक्षक संदर्भ समूह द्वारा शिक्षकों ने चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर 9 गुलाब पुष्प के पेड़ो का रोपण किया। इस अवसर पर मधुसूदन पटैल,सिराज अहमद सिद्धिकी, राजेंद्र गुप्ता, तुलसीकांत श्रीवास्तव, खीर सागर मेहरा, उमेश मेहरा, रितु गुप्ता एवं श्रद्धा राय सहित अन्य उपस्थित रहे।

धर्मपरिवर्तन की सूचना पर मचा हड़कंप, मौके पर रुकवाया कथित प्रयास

नवभारत,गोटेगांव। गोटेगांव क्षेत्र के समीपवर्ती ग्राम गोहचर में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब वहां बड़े स्तर पर धर्मपरिवर्तन कराए जाने की सूचना प्राप्त हुई। जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद, अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद गोटेगांव एवं समस्त हिंदू समाज के पदाधिकारी और कार्यकर्ता तत्काल मौके पर जा पहुंचे। संगठनों ने वहां चल रही कथित गतिविधियों का कड़ा विरोध करते हुए उसे बीच में ही रुकवा दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने हिंदू संगठनों को शिकायत की थी कि गांव में कुछ संदिग्ध गतिविधियां संचालित हो रही हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गांव पहुंचे और स्थिति का जायजा

लिया। इस दौरान वहां मौजूद एक संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की गई, जो समाचार लिखे जाने तक जारी थी। घटना के बाद क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन पूरी तरह नियंत्रण में बनी हुई है। मौके पर पहुंचे संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रशासन से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं सामाजिक समरसता और शांति को प्रभावित कर सकती हैं, इसलिए प्रशासन को समय रहते ठोस कदम उठाने चाहिए। इस दौरान मुख्य रूप से अमित नामदेव, अंकुर पाठक, संदीप पटेल, आयुष पटेल, गोपी रजक, राजा सोनी, दीपेश पटेल, शोभित राय, दुर्गेश पटेल, खुमान पटेल, अखिलेश पटेल, आशू जैन, मयंक जैन, नरेन्द्र मेहरा, आशुष राजपूत, अनुभव राजपूत, मानष गुप्ता, निखिल ठाकुर, सरपंच आबिद ख़ान, राज महाराज, चंद्रेश सिंह सहित हिंदू समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

राजराजेश्वरी मैया का सतरंगी चूड़ियों से श्रृंगार बना आकर्षण का केन्द्र

नवभारत,गोटेगांव। समीपवर्ती धार्मिक स्थल परमहंसी गंगाआश्रम झोतेश्वर स्थित श्रीवानम की हरी हरी हरियाली से सुसज्जित पहाड़ियों के बीचो-बीच अनोखी छटा बिखरने वाला अतिसुंदर कलात्मक आकर्षक मनमोहक भव्य मंदिरजी में विराजमान अनंतकोटि ब्रह्मांड नायिका ललिता पराम्बा जगदंबा मांभगवती त्रिपुरसुंदरी मॉराजराजेश्वरी माताजी का चैत्र नवरात्रि पावन पर्व नवसंवत्सर के शुभ अवसर पर प्रतिदिन अलग अलग रूप में श्रृंगार किया जाता है, इसी के चलते चैत्र नवरात्रि के चतुर्थ दिवस मॉ राजराजेश्वरी मैयाजी का माता कूष्माण्डायें मैयाजी के स्वरूप में अतिसुंदर अलौकिक सतरंगी



चूड़ियों से सुसज्जित मनोहरी आकर्षक दिव्य दर्शन हेतु भव्य श्रृंगार किया गया, मनभावक अद्वितीय श्रृंगार को देख कर श्रद्धालुओं का मन दर्शन करते ही प्रफुल्लित हो उठते है।

एक नजर में

युवा संसद में पल्लवी का प्रभावी उद्बोधन

नवभारत,तेंदूखेड़ा। विगत दिवस भारत सरकार खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित यूथ पारिलियामेंट युवासंसद में नरसिंहपुर से चयनित तेन्दूखड़ा निवासी पल्लवी मोदी द्वारा विधान सभा मे विकसित भारत वर्ष 2026 भारत सरकार के वजट विषय पर प्रभावी भाषण दिया। प्रदेश के सभी जिलों से लगभग 200 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। पल्लवी के प्रभावी उद्धबोधन ने नरसिंहपुर जिले को गौरान्वित किया है।

रामकुमार ठाकुर जिला अध्यक्ष बने

नवभारत,तेंदूखेड़ा। विगत दिनों भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम द्वारा नरसिंहपुर जिले के प्रतिष्ठित एवं स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी महती भूमिका निभाने वाले शहीद डेलनशाह नरवरशाह जी के वंशज ठा रामकुमार सिंह को अनुसूचित जनजाति मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है ।इनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों ने अपनी शुभकामनाएं बधाईयां प्रेषित की हैं।

फील्ड ट्रेनर्स के प्रथम बैच का प्रशिक्षण 25 तक

नवभारत,नरसिंहपुर। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी रजनी सिंह ने निर्देशित किया कि जनगणना का कार्य निर्धारित समय सीमा में किया जाए। समय सीमा में किसी भी प्रकार का विस्तार व परिवर्तन संभव नहीं है। जनगणना किसी देश में एक निश्चित समय पर प्रत्येक परिवार एवं प्रत्येक व्यक्ति की आधिकारिक पूर्ण गणना है, जिसमें उनके जनसांख्यिकीय, आर्थिक एवं सामाजिक आंकड़े शामिल होते हैं, अत: इसमें सावधानी से कार्य करना बहुत आवश्यक है। समस्त फील्ड ट्रेनर्स गहनता एवं सूक्ष्मता से प्रशिक्षण प्राप्त करें, ताकि मैदानी स्तर पर जनगणना के कार्य के लिए नियुक्त प्रगणकों की संकाओं का समाधान किया जा सके।

शकुंतला नेमा का स्वर्गवास

नवभारत,गोटेगांव। विगत दिवस समीपवर्ती ग्राम मेख के प्रतिष्ठित नागरिक समाजसेवी कृषकबंधु शिक्षक सत्यमकुमार नीरजकुमार धीरजकुमार नेमा की माताशकुंतला नेमा (नन्हीबाखर) का लगभग 78 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया है, आप सहजा सरल मिलनसार व्यक्तित्य की महिला थी. आपके निधन का समाचार प्राप्त होतेही परिवारजनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया, अंतिम संस्कार शवयात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनैतिक सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों के जनप्रति निधियों व ग्रामवासियों ने ग्राम स्थित मुक्तिधाम में बड़ी संख्या में शामिल होकर दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थितजनों ने समाज सेविका श्रीमति नेमा की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतृप्त परिवारजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्तकर शोकाकुल परिवार जनों को इस गहन दुख सहन करने हेतु परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की।

सांदीपनि विद्यालय में कक्षा पहली के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

नवभारत,नरसिंहपुर। सांदीपनि विद्यालय नरसिंहपुर में शैक्षणिक सत्र 2026- 27 के लिए कक्षा पहली में प्रवेश प्रक्रिया 23 मार्च 2026 से प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक अभिभावक दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक आवेदन प्राप्त कर उसी समय जमा कर सकते हैं। प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेजों में जन्म प्रमाण पत्र, समग्र आईडी, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तथा बैंक पासबुक की छायाप्रति शामिल हैं। इस बात का विशेष रूप से ध्यान दिया जाए कि जन्म प्रमाण पत्र, समग्र आईडी और आधार कार्ड में छात्र, पिता एवं माता के नामों में किसी प्रकार की भिन्नता न हो। इसके अतिरिक्त अभिभावकों को एक घोषणा पत्र भी प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह उल्लेख हो कि छात्र का नाम पिछले सत्र में किसी अन्य विद्यालय में कक्षा पहली में दर्ज नहीं रहा है।

रोमिल ठाकुर को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

नवभारत,गाडरवारा। गत दिवस राजधानी भोपाल के होटल हयात में प्रदेश के एक निजी चैनल द्वारा आयोजित पँख खेल प्रोत्साहन पुरुस्कार कार्यक्रम में नगर के पीएमश्री शासकीय कन्या नवीन विद्या भवन गाडरवारा की 12 वी कक्षा की छात्रा रोमिल ठाकुर को प्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरुप छात्रा रोमिल को 50000 रू की राशि का चैक एवं मैडल प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि रोमिल ठाकुर ने राष्ट्रीय शालेय कबड्डी में मप्र की टीम से शामिल होकर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया था। इस अवसर पर पीटीआई विक्रम शर्मा भी साथ रहे। छात्रा रोमिल के सम्मानित होने पर जिला क्री ?ा अधिकारी सुनीता यादव, जिला कल्याण निरीक्षक अनुज जैन, सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे, प्राचार्य लेखा कौरव, खेल शिक्षक विक्रम शर्मा सहित स्कूल स्टॉफ व साथी छात्राओं ने प्रसन्नता जताई है।

मॉक ड्रिल के साथ दिया गया व्यावहारिक प्रशिक्षण

नवभारत,नरसिंहपुर। कलेक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष रजनी सिंह की अध्यक्षता में पांच दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी एवं आपदा प्रबंधक दक्षता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर में किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में पांच दिवसीय 23 मार्च से 27 मार्च 2026 तक तक आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर देवंती परते और मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरसिंहपुर नीलम चौहान मौजूद थे। प्रशिक्षण के प्रथम घटक में कलेक्टर रजनी सिंह ने आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने जिले में संभावित आपदाओं, विशेष रूप से बाढ़ जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए पूर्व तैयारी की आवश्यकता पर जोर दिया। इस सत्र में शासकीय पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के भूगोल विभाग के डॉ.

एस.के. उप्ररेलिया ने प्रोफेसरों, स्कूल प्राचार्यों, एसडीईआरएफ, होमगार्ड, नगरपालिका एवं अन्य विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को भूकंप आपदा जोखिम प्रबंधन के विषय में विस्तार से जानकारी दी। द्वितीय घटक के अंतर्गत जिला होमगार्ड के प्लाटून कमांडर श्री वीरेंद्र सूर्यवंशी एवं एसडीईआरएफ/होमगार्ड टीम द्वारा ध्वस्त संरचनाओं से बचाव के उपायों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही आग के प्रकार, अग्निशमन यंत्रों के प्रकार एवं उनके उपयोग, बाढ़ से बचाव तथा इम्प्रोवाइज्ड मेथड्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान आपदा प्रबंधन से संबंधित उपकरणों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें कलेक्टर सिंह ने आपदा प्रबंधन में उपयोग होने वाले आधुनिक उपकरणों के उपयोग की जानकारी ली। इसके साथ ही ध्वस्त भवन होमगार्ड कार्यालय में मॉक ड्रिल कराकर आपदा के समय किए जाने वाले बचाव कार्यों का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया।

मेधावी छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम,मानसी और अंबिका रहे अव्वल

सांदीपनि विद्यालय साईंखेड़ा में स्थानीय परीक्षाओं के परिणाम घोषित,

नवभारत,साईंखेड़ा। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में स्थानीय सांदीपनि विद्यालय साईंखेड़ा में 23 मार्च को कक्षा 9वीं एवं 11वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए।

परिणाम घोषणा के अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित रहे। घोषित परिणामों में कक्षा 11वीं में मानसी राजपूत ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरव ब ?ाया। इसी कक्षा में कंचन सोनी द्वितीय एवं जिया नामदेव तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 9वीं में अंबिका लोधी ने प्रथम, प्रियांशी पटेल ने द्वितीय और माधुरी पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। परीक्षा परिणाम का प्रतिशत संस्था के प्रभारी प्राचार्य मनीष शंकर तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष विद्यालय का कक्षा 11वीं का परीक्षा परिणाम 88.18 प्रतिशत

रहा, जबकि कक्षा 9वीं का परिणाम 84.8 प्रतिशत दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि जिन विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम उनकी अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा है, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए मई माह में द्वितीय अवसर की परीक्षा आयोजित की जाएगी। पुनर्गणना एवं नवीन सत्र की जानकारी परीक्षा प्रभारी ओम जी कौरव ने बताया कि यदि कोई विद्यार्थी अपने अंकों की पुनर्गणना करवाना चाहता है, तो वह 28 मार्च तक संकलन केंद्र अधिकारी के पास अपना आवेदन जमा कर सकता है। प्राथमिक एवं माध्यमिक विभाग में उत्साह का माहौल प्राथमिक विभाग के परीक्षा परिणामों की घोषणा के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नन्हे विद्यार्थियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

नए सत्र का शुभारंभ

वहीं माध्यमिक विभाग के सफल विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप पेन भेंट किए गए। बच्चों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के समस्त शिक्षक वृन्द ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की बधाई प्रेषित की है। परीक्षा परिणामों की घोषणा के साथ ही विद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। शासन के निर्देशों के अनुसार 1 अप्रैल से प्रवेशोत्सव के साथ नए सत्र का शुभारंभ होगा। नए सत्र के पूर्व ही विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों और साइकिलों का वितरण सुनिश्चित करने हेतु विद्यालय प्रबंधन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

नवभारत,नरसिंहपुर। कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर सिंह ने संकल्प से समाधान एवं सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रम विभाग की संबल योजना, धरती आबा योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान एवं जल संचय-जन भागीदारी 2.0 के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान को जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाते हुए अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा पूर्व सभी आवश्यक जल संरचनाओं जैसे जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किए जाएं।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पीर अली पिता अलीमुद्दीन (PEER ALI S/O ALIMUDDEEN) उम्र 67 वर्ष निवासी 110, बाबा साहेब अम्बेडकर वार्ड करेली, तहसील करेली, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) यह कि मेरे आधार कार्ड, और पेन कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम वीर अली पिता अलीमुद्दीन अंकित हो गया है जो कि गलत है जबकि मेरा सही नाम पीर अली पिता अलीमुद्दीन है जो मेरी पूर्व की वोटर आई-डी, बैंक पासबुक एवं अन्य दस्तावेज में दर्ज होने से सत्य व सही है। प्रकाशन उपरांत मुझे मेरे सही नाम पीर अली पिता अलीमुद्दीन के नाम से जाना पहचाना व लिखा पढ़ा जावे एवं शासकीय व अर्द्धशासकीय दस्जावेजों में दर्ज किया जावे।

पीर अली